**कोरोनियल जांच के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 'मुख्य कोरोनर ने अब औपचारिक रूप से एक कोरोनियल जांच खोली है' का क्या अर्थ है? | इसका मतलब है कि मुख्य कोरोनर ने फैसला लिया है कि मस्जिद हमलों से होने वाली मौतों से संबंधित कुछ ऐसे मसले हैं जिन्हें आपराधिक कार्यवाही और रॉयल कमीशन ऑफ इंक्वायरी द्वारा हल नहीं किया गया है। जांच शुरू करने से मौतों के कारणों और परिस्थितियों के बारे में अधिक विस्तृत जाँच पड़ताल करना संभव होता है। |
| जांच किसे कहते हैं? | किसी व्यक्ति की मृत्यु कहां, कब और कैसे हुई, इसके बारे में अधिक जानने के लिए एक कोरोनर जांच करते हैं। जांच से कोरोनर को सिफारिशें या टिप्पणियां करने में भी मदद मिलती है जो भविष्य में ऐसी ही मौत को रोकने में मदद कर सकती हैं। |
| क्या जांच का स्वत: मतलब है कि कोई इन्क्वेस्ट या तहकीकात होगी? | नहीं। कोरोनर तय करते हैं कि उनकी जांच के एक अंग के रूप में इन्क्वेस्ट की आवश्यकता है या नहीं। |
| जांच में कौन कौन शामिल हो सकते हैं? | शहीदों के परिवारों के कोई भी सदस्य, कानूनी प्रतिनिधि, और ऐसे लोग जिन्हें कोरोनर ने कोरोनियल जांच के लिए हितार्थी पक्षों के रूप में मान्यता दी है, एक जांच में शामिल हो सकते हैं।<br><br>मस्जिद हमलों के कोरोनियल जांच में हितार्थी पक्ष बनने के लिए आवेदन करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://coronialservices.justice.govt.nz/masjid-attacks-coronial-process/interested-parties/ देखे। |

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| जांच के अगले कदम क्या हैं? | कोरोनर वर्तमान में जांच के लिए अगले कदमों पर विचार कर रहा है। आप https://coronialservices.justice.govt.nz/masjid-attacks-coronial-process/ पर जाकर इन निर्णयों के बारे में सारी खबर रख सकते हैं। |